भावना के निर्धन जन सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत,दिनाँक-12-02-2023 को सम्पन्न,नवम् शीतकालीन सहायता शिविर की संक्षिप्त रिपोर्ट।

****

भावना के ग्राम्यांचल एवं निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में,शीतकालीन सहायता शिविरों की शृंखला में,दिनाँक 12.2.23 को ग्राम हरौनीं(शमसुद्दीनपुर),विकास खण्ड हसन गंज,जनपद उन्नाव में नवम् शिविर सम्पन्न हुआ जिसमे हरौनीं(शमसुद्दीनपुर) व समदपुर हरदास के ग्रामवासियों ने भाग लिया।

भावना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शुक्ला ने उपस्थित जनों को सादर अभिवादन एवं शुभकामना अर्पित करने के उपरान्त,राज्य व केन्द्र सरकारों द्वारा नागरिकों के हितार्थ जारी की गई योजनाओं से अवगत कराते हुए राज्य सरकार के श्रम विभाग की श्रमिक पंजीकरण योजना और इसके तहत ई-श्रम कार्ड की अनिवार्यता और महती उपयोगिता पर विशेष बल दिया।उन्होंने बताया कि यह कार्ड 18 वर्ष से 59 वर्ष की आयु तक ही बनता है,परन्तु जिसका कार्ड बन जाता है,उस श्रमिक को 60 वर्ष की आयु पूर्ण हो जाने पर नियमित पेंशन भी मिलती है।उन्होंने इसके अन्य अनेक लाभों से भी अवगत कराया तथा इसको प्रति वर्ष नवीनीकरण कराये जाने की आवश्यकता से भी अवगत कराया।

शिविर में इन ग्रामों के चयनित पात्र लाभार्थियों को,शीतकाल में ठण्ड से बचाव हेतु, 83 अदद नये ऊनी कम्बल वितरित किये गये।भावना के सदस्यों द्वारा उपलब्ध कराये गये पुराने एवं उपयोगी वस्त्रों का भी वितरण कराया गया।

इस अवसर पर भावना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शुक्ला,प्रकोष्ठ के संयोजक श्री प्रभात किरण चौरसिया,श्री जग मोहन लाल जायसवाल महासचिव(कार्यान्वयन),सदस्य श्री ओम प्रकाश शर्मा,डॉ.राम सजीवन शुक्ला,श्री दीनबंधु यादव,श्री राम स्वरूप यादव,श्री तिलक कुमार मनोचा,श्री आदित्य प्रकाश सिंह,सम्भ्रान्त नागरिक श्री करुणा शंकर आदि अनेक जन उपस्थित रहे।

प्रभात किरण चौरसिया

सचिव एवं संयोजक ग्राम्यांचल एवं निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ,

भावना